दिन–बुधवार                                    दिनांक– 12 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                    अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति और महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर विधान परिषद में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी के बीच तीखी नोंक–झोंक हुयी।

02. राज्य सरकार ने कहा – भूमि सर्वेक्षण का काम अगले वर्ष दिसम्बर महीने तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वघोषणा जमा करने की अंतिम तिथि इस वर्ष तीस मार्च तक।

03. उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – कैमूर पर्वतमाला समेत राज्य के अन्य पहाड़ों से पत्थर का उत्खनन करवाया जाएगा।

04. और, होली पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी जिलों को विशेष सतकर्ता बरतने के निर्देश दिये।

---

विधान परिषद में आज राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी के बीच तीखी नोंक–झोंक हुयी। राबड़ी देवी ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति और महिलाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राजद को सवाल पूछने से पहले अपने शासनकाल की स्थिति याद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काफी कुछ किया है। श्री कुमार ने कहा कि वे सदन में वर्ष दो हजार पांच से पहले और उसके बाद की स्थिति पेश करेंगे, ताकि लोगों को वास्तविकता का पता चल सके।

———बाइट———

मुख्यमंत्री के बयान पर नाराजगी जताते हुए विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। इधर, विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर चर्चा की मांग को लेकर कार्यस्थगन का प्रस्ताव दिया, जिसे विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने खारिज कर दिया। इसके बाद विपक्षी सदस्य सदन के बीचो–बीच आकर नारे लगाने लगे। हालांकि बाद में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। इधर, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाकपा माले विधायकों ने बंदोपाध्याय कमिटी की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर विधान मंडल

परिसर में प्रदर्शन किया। इसके अलावा राजद सदस्यों ने कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर विधानसभा पोर्टिको में सरकार विरोधी नारेबाजी की।

---

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाया है। सदन से बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भाजपा के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं।

———बाइट———

इधर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयानों से यह लगता है कि वे अब सरकार चलाने के काबिल नहीं रहे हैं, इसलिए उन्हें त्याग पत्र दे देना चाहिए।

———बाइट———

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि राज्य में भूमि सर्वेक्षण का काम अगले वर्ष दिसम्बर महीने तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विधानसभा में विभागीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री सरावगी ने कहा कि स्वघोषणा जमा करने के लिए इस वर्ष तीस मार्च तक समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि भूमि सर्वे में भ्रष्टाचार की खबरों पर विभाग नजर रख रहा है। श्री सरावगी ने कहा कि भ्रष्टाचार के दोषी अधिकारियों और बिचौलियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

———बाइट———

---

राज्य सरकार ने कहा है कि बिहार के सभी मठ मंदिरों की जमीन का लेखा–जोखा रखने के लिए विशेष पोर्टल बनाया जायेगा। विधान सभा में राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि मठ मंदिरों की जमीन के अतिक्रमण और गलत तरीके से बेचे जाने की शिकायतें मिलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अंतर्गत संचालित सभी मठ–मंदिरों के जमीन का विस्तृत ब्यौरा वेबसाइट पर डाला जायेगा।

———बाइट———

---

राज्य सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत चालू वित्तीय वर्ष में छह लाख इक्कीस हजार घरों की स्वीकृति दी गयी है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि इनमें से इक्यावन हजार छह सौ इकतालीस घरों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।

---बाइट---

श्री कुमार ने कहा कि जिन लाभुकों का निधन हो गया, उनके आश्रित के नाम से आवास का निर्माण कार्य करवाया जायेगा। साथ ही वैसे लाभुक, जिनका नाम सूची में है और वे राज्य छोड़ चुके हैं, उन्हें फोन पर सूचना देने की व्यवस्था की जा रही है।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मॉरीशस के राष्ट्रपति को मखाना भेंट किये जाने पर राज्य के मखाना उत्पादकों, किसानों और निर्यातकों ने प्रसन्नता जताई है। इन लोगों ने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक मंचों पर मखाना के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं और इस सुपरफूड को बढ़ावा दे रहे हैं। एक रिपोर्ट –

---रिपोर्ट---

बिहार के मखाना उत्पादक किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल की सराहना की है। पुनिया के मखाना उत्पादक आदर्श कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी जी के कदम की सराहना करते हैं।

हमारे देश के प्रधानमंत्री एज़ आ बड़े अम्बेसडर को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ा रहे हैं, इससे बिहार में जो मखाना उत्पाद है, इसको बहुत बड़ा एक पहल माना जाएगा।

वहीं, दरभंगा के मखाना व्यवसायी अभिनव खेडिया ने बताया कि प्रधानमंत्री की सुपर फूड के रूप में वैश्विक स्तर पर मखाना को स्थापित करने की पहल काफी सराहनीय है।

सबसे बड़ा फायदा हमें तो क्या मिलेगा हमारा एक्सपोर्ट बढेगा। हमारे एक्सपोर्ट बढ़ने से हमारा करेंसी यहां भी आएगी, जो इसको बेलेंस करने में हेल्प करेगा, दूसरा है, फॉरेन इनवेस्टमेंट जब आएगा इंडिया के अंदर वो हमारे इकोनॉमिक को और इनक्रिज़ करने में हेल्प करेगा।

राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान के दरभंगा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि विभिन्न सकारात्मक पहल का असर देखने को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री जी ने मॉरिशस के राष्ट्राध्यक्ष को मखाना उपहार स्वरूप भेंट किया है। तो निश्चित तौर पर इससे मखाना के जो किसान है, उद्यमी है मिथिला क्षेत्र के और अन्यत्र भी उनको काफी प्रोत्साहन मिलता है, धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

---

उप मुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि कैमूर पर्वतमाला समेत राज्य के अन्य पहाड़ों से पत्थर का उत्खनन करवाया जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे राज्य को सत्तर से पचहत्तर हजार करोड़ रूपये सालाना की बचत होगी।

———बाइट————

श्री सिन्हा ने बताया कि रोहतास, भोरा और कटरा लाइम स्टोन ब्लॉक की नीलामी राज्य सरकार द्वारा पूरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण छह खनिज ब्लॉक की नीलामी केंद्र सरकार की ओर से की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी महीने तक खान और भूतत्व विभाग ने दो हजार छह सौ पांच करोड़ रूपये का राजस्व संग्रह किया है, जो लक्ष्य से छह दशमलव तीन–सात प्रतिशत अधिक है।

---

होली पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अश्लील गानों के बजाने पर प्रतिबंध लगाने और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये हैं। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर तुरंत केस दर्ज करने और शांति समिति की बैठकें आयोजित करने को कहा गया है।

---

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलबनिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन भाई–बहनों की मौत हो गयी। वहीं, बच्चों के पिता और एक अन्य बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। स्थानीय लोगों के अनुसार जहरीला दूध पीने से सभी की मौत हुयी है। मामले की जांच जारी है।

---

पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनपुन–डुमरी पुल के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने भेड़ों के झुंड को कुचल दिया। हादसे में भेड़ मालिक समेत सत्रह भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गयी।

---

खगड़िया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मथार गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित–अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति और महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर विधान परिषद में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी के बीच तीखी नोंक—झोंक हुयी।

02. राज्य सरकार ने कहा — भूमि सर्वेक्षण का काम अगले वर्ष दिसम्बर महीने तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वघोषणा जमा करने की अंतिम तिथि इस वर्ष तीस मार्च तक।

03. उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा — कैमूर पर्वतमाला समेत राज्य के अन्य पहाड़ों से पत्थर का उत्खनन करवाया जाएगा।

04. और, होली पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सभी जिलों को विशेष सतकर्ता बरतने के निर्देश दिये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।